प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.08.2026
समय : 01:00 पी.एम.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, इसका क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से कल स्वतंत्रता दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। पुष्प वर्षा के बाद, प्रधानमंत्री लाल किले के प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे।

केन्द्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा तथा सुधार सेवा के एक हजार 57 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक देने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय द्वारा वीरता पदक जीवन और संपत्ति की रक्षा, अपराध रोकने या अपराधियों को पकड़ने में उल्लेखनीय साहस दिखाने के लिए प्रदान किया जाता है। तीन सौ एक वीरता पदकों में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के एक सौ 97, जम्मू–कश्मीर के 51, पूर्वोत्तर के 12 और अन्य क्षेत्रों के 41 कर्मी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर में आयोजित तिरंगा रैली में शिरकत कर रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सादुलशहर उप जिला अस्पताल के नवीन भवन का शिलान्यास किया। इसके बाद वे अनूपगढ़ में सीमा सुरक्षा बल के जवानों से संवाद करेंगे और बॉर्डर आउटपोस्ट का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री का आज धानमंडी में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज नई दिल्ली में हथकरघा हाट–हथकरघा अनुभव केंद्र का उद्घाटन करेंगे। यह केन्द्र भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को अनुभव करने, समझने और उससे जुड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि हथकरघा अनुभव केंद्र की भारत के हथकरघा प्रणाली के प्रदर्शन के लिए परिकल्पना की गयी है, जहां पारंपरिक ज्ञान को न केवल संरक्षित किया जाता है, बल्कि सक्रिय रूप से अभ्यास और अनुभव से आगे बढ़ाया भी जाता है। मंत्रालय ने कहा कि उद्घाटन प्रदर्शनी में राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में 24 पुरस्कार विजेता बुनकरों के उत्पादों और 30 से अधिक चयनित ब्रांड भाग लेंगे।

प्रदेश के 22 सरकारी विद्यालयों में भामाशाहों के सहयोग से कराये जाने वाले 34 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। जयपुर स्थित शिक्षा संकुल में ज्ञान सम्पर्क पोर्टल पर भामाशाहों की ओर से विद्यालयों में विकास कार्यों के लिए पेश किये गये प्रस्तावों की संवीक्षा की गई। राज्य परियोजना निदेशक और समन्वयक निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि इन विकास कार्यों से स्कूलों में सुविधाओं का विस्तार होगा। इनमें भवन निर्माण मरम्मत के साथ ही सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने संबंधी काम भी शामिल हैं।

रेलवे भर्ती बोर्ड ने जूनियर इंजीनियर और डिपो मैटेरियल सुपरिटेंडेंट के 3 हजार 993 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू हो गए हैं, जो 13 सितंबर तक किए जा सकेंगे। आवेदन शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। रेलवे भर्ती बोर्ड अजमेर के माध्यम से 252 पदों पर भर्ती होगी। भर्ती में इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल, सिग्नल

और टेलीकम्युनिकेशन तथा स्टोर्स सहित तकनीकी विभागों के पद शामिल हैं। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण के आधार पर होगा।

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में चित्तौड़गढ़ और माउंटआबू में भारी बारिश दर्ज की गई। भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सिरोही, जयपुर और बारां जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे अधिक 98 मिलीमीटर बारिश चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में दर्ज की गई। विभाग के अनुसार, आज पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और एक–दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभागों में अनेक स्थानों तथा बीकानेर और जोधपुर संभागों में कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है। अजमेर, ब्यावर और बारां सहित कुछ जिलों में भारी बारिश के साथ बादल गरजने, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो–एनसीबी ने संयुक्त अरब अमीरात से भगोड़े मादक पदार्थ तस्कर वीरेंद्र सिंह बसोया को भारत वापस लाने में सफलता हासिल की है। श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मादक पदार्थों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार विदेशों में छिपे मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और उनके पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि तस्कर दुनिया के किसी भी हिस्से में छिपे हों, वे भारतीय कानून की पहुंच से बच नहीं सकते।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अगस्त को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 137वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 28 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।